प्रादेशिक समाचार
दिनांक–16.09.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–पूर्वी भारत में रेल कनेक्टिविटी के विस्तार से पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा; झारखंड में 660 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित की ।
2. बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठ को प्रधानमंत्री ने झारखंड के लिए बताया बड़ा खतरा, कहा– झामुमो ने तुष्टीकरण को बनाया एजेंडा।
3. रांची, पलामू, लातेहार समेत कई जिलों में पिछले 36 घंटे से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर 6 जिलों के लिए जारी किया रेड अलर्ट।
4. हॉकी इंडिया जूनियर पुरूष राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड ने गुजरात को 27–0 से हराया, क्वार्टर फाइनल में आज हरियाणा से होगा मुकाबला।

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वंदेभारत रेलगाड़ियों के चलने से झारखंड और पड़ोसी राज्यों सहित देश के पूर्वी क्षेत्रों में आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आएगी। प्रधानमंत्री ने रांची से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से टाटा नगर – पटना सहित छह वंदेभारत रेलगाड़ियों को रवाना करने के बाद अपने संबोधन में ये बातें कहीं।

श्री मोदी ने कहा कि इन रेलगाड़ियों से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। प्रधानमंत्री ने पीएम आवास योजना – ग्रामीण के लाभार्थियों को पहली किस्त भी जारी की। इसमें 32 करोड़ रूपए लाभार्थियों के बैंक खातों में डिजिटल माध्यम से भेजे गए। इसके अलावा 32 हजार आवासों के स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। श्री मोदी ने कहा कि इन आवासों ने लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है।

*********************

जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आयोजित परिवर्तन रैली में भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड के लोगों से राज्य में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए भ्रष्ट हेमंत सोरेन सरकार को हटाने का आह्वान किया। श्री मोदी ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल राज्य के शत्रु हैं। उन्होंने कहा कि ये पार्टियां सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। श्री मोदी ने राज्य में रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठ के खतरे की ओर भी इशारा किया।

अपने संबोधन में श्री मोदी ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए आदिवासियों के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुर्सी पर कब्जा के लिए पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को अपमानित करके हटाया गया, इसका जवाब झारखंड का हर आदिवासी देगा।

*********************

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 कल से शुरू होगा और 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस वर्ष इसका विषय स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छतता रखा गया है। इस अभियान के तहत पर्यटन स्थलों, सार्वजनिक भवनों, व्यवसायिक क्षेत्रों, जलाशयों, चिड़िया घरों, अभयारण्यों और सामुदायिक तथा सार्वजनिक शौचालयों सहित विभिन्न स्थानों पर श्रमदान और सामूहिक रूप से बड़े पैमाने पर सफाई की जाएगी। देशभर में केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालयों और राज्यों की ओर से इस सिलसिले में कई गतिविधियों की योजना है, जिनमें आम लोगों को शामिल किया जाएगा।

*********************

देश के पूर्व वित्त और विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने अटल विचार मंच राजनीतिक पार्टी का गठन किया है। हजारीबाग में संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने एलान किया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

*********************

आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर गुमला जिला प्रशासन द्वारा 19 सितम्बर से 14 अक्टूबर तक विधानसभा वार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे गुमला जिले के संवाददाता।

*********************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण राज्य में आज भी भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में 36 घंटे से लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि खूंटी, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम समेत 6 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में कहीं–कहीं 200 मिमी से अधिक बारिश हो सकती है।

*********************

पैगम्बर मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर झारखंड समेत देश के विभिन्न भागों में आज ईद मिलाद–उन–नबी का त्योहार धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मिलाद महफिल और सीरत सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें पैगम्बर मोहम्मद के जीवन और उनके शिक्षाओं के बारे में बताया जाता है। इस मौके पर मिलाद जुलूस भी निकाले जा रहे हैं।

*********************

जालंधर में चल रही 14वीं हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात को 27–0 गोल से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। क्वार्टर फाइनल में आज झारखंड का हरियाणा से मुकाबला होगा।

*********************

संक्षिप्त खबरें

- सरायकेला खरसावां जिले के हाता– चाईबासा मुख्य मार्ग पर दो अलग–अलग सड़क दुर्घटना हुई जिसमें एक बाइक सवार की मौत हो गई है जबकि एक अन्य बाइक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया।
- लोहरदगा जिले में कैरो थाना क्षेत्र के कुडू–चट्टी मुख्य पथ पर हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार दो बाइक की सीधी टक्कर होने से यह हादसा हुआ।
- लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में बूढ़ा नदी में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

*********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड दौरे की खबर को रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है

वोट और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले दे रहे घुसपैठियों को संरक्षण दैनिक जागरण ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को अपनी पहली सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– परिवर्तन महारैली – बारिश के बीच सड़क मार्ग से 130 किलोमीटर सफर तय कर रांची से जमशेदपुर पहुंचे मोदी, झारखंड सरकार पर बरसे।

प्रभात खबर ने फोटो स्टोरी के साथ लिखा है– प्रधानमंत्री से एयरपोर्ट पर मिले सीएम हेमंत सोरेन ।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– रांची से 6 वंदे भारत और पीएम आवास की सौगात।

अरविंद केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री का पद छोड़ेंगे, अंग्रेजी अखबार द टाइम्स और इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है

*************